2024/141

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालतः अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री गंगानगर

सुंनील कुमार बनाम स्टेट व अन्य

अपील प्रकरण सं0 51/2024

अधिवक्ता अपीलार्थी :– राजवीर सिह अधिवक्ता रेस्पोडेन्टः

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल जज	नम्बर व तारीख
24.09.2024	अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित। अपील बाद रिपोर्ट पेश हुई। रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपील दर्ज रजिस्टर की जाती है। पत्रावली वास्ते बहस स्थगन प्रार्थना पत्र दिनांक 18 09.2024 को पेश हो। अधिवक्ता अपीलार्थी की एक पक्षीय बहस पर मनन किया गया एवं पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया गया। प्रथम दृष्टया मामला एवं सुविधा का सन्तुलन अपीलार्थी के पक्ष में प्रतीत होता है। फलस्वरूप अपीलार्थी का स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रेस्पोडेन्ट संख्या 2 ता 4 एवं 5/1 ता 5/3 को पाबन्द किया जाता है कि आगामी तारीख पेशी तक तहसील पदमपुर के चक 30 बीबी के मुरब्बा नम्बर 20 की कुल 2.783 हैक्टर कृषि भूमि की मौका की यथास्थितिसण बनाये रखेगें। अपीलार्थी आदेश 39 नियम 3 सीपीसी की पालना करना सुनिश्चित करें। उक्त पालना में विफल रहने पर उक्त आदेश स्वतः निष्प्रभावी माना जायेगा। पत्रावली वास्ते तलबी एवं रिकार्ड तलबी हेतु दिनांक 16.10.2024 को पेश हो। अति. जिला कलक्टर (प्रशासन) श्रीगंगानगर (राजस्थान)	1610-1616 26/9/24
8.10.2024	अधिवक्ता अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र पर पत्रावली आज पेशी में ली गई। अपीलार्थी ने जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दिनांक 08.10.2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उपरोक्त अनवानी अपील श्रीमान न्यायालय में विचाराधीन है। अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस संख्या 02 ता 05 का आपस मे राजीनामा हो गया है। इसलिए अपीलांट वर्तमान अपील को आगे न चलाकर अपील को दाखिल दफ्तर करवाना चाहता है। लिहाजा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि उक्त अनवानी अपील में आयन्दा कोई सुनवाई न कर अपील को दाखिल दफ्तर किये जाने का आदेश प्रदान करें। फलस्वरूप अपीलार्थी एवं रेस्पोडेन्टस का आपस में राजीनामा हो जाने के कारण एवं उनके द्वारा उक्त अपील को आगे न चलाकर दाखिल दफ्तर करवाने पर अपील इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेशिका की प्रति सम्बन्धित तहसीलदार, पदमपुर को भेजी जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम की जावें एवं बाद तकमील जिला अभिलेखागार में जमा करवाई जावें। आदेश सुनाया गया। अति0 जिला कलक्टर (प्रशा0) श्रीगंगानगर	Sunil 8-10-24 Identified by me [illegible] 8/10/24 (Rajveer Singh Adv.)